आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.06.2024 समय : 07.10

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं शेख मेहजबीन अलमास

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री कल श्रीनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री ने नईदिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात, नदी जोड़ों परियोजनाओं की दी जानकारी।
- स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रदेष में विभिन्न कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।
- अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए अब तक 11 लोंगों ने किये नामांकन दाखिल।

**प्रधानमंत्री योग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल श्रीनगर में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके साथ करीब सात हजार लोग विश्व विख्यात डल झील के किनारे स्थित शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में योग करेंगे। योग दिवस के कार्यकम के लिए प्रधानमंत्री आज शाम श्रीनगर पहुँच गये हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी की यह पहली जम्मू कश्मीर यात्रा है।

**योग दिवस**

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ कल 21 जून को प्रदेश स्तर पर वृहद रूप में किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने बताया कि राज्य शासन द्वारा उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री को जिले आवंटित किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश व देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि–

**योग दिवस प्रदेश**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज भोपाल के माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय बिशनखेड़ी में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.(डॉ.) के.जी.सुरेश और पीआईबी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने किया।

सीबीसी द्वारा इंदौर, रीवा, बालाघाट, जबलपुर, छिंदवाड़ा, शहडोल, छतरपुर, झाबुआ, मंदसौर समेत प्रदेश भर में 12 कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कल सुबह 8.30 बजे योगाभ्यास का कार्यक्रम होगा। इसी तरह देवास में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कैला देवी फलाई ओवर ब्रिज देवास पर होगा। वहीं धान धार के खेल प्राधिकरण जेतपुरा और नीमच में जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे।खंडवा में योग दिवस और श्री अन्न संवर्धन कार्यक्रम कल हॉली स्प्रिट कॉन्वेट स्कूल खण्डवा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शामिल होंगे।

**मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री मुलाकात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर तीसरे कार्यकाल की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गठित नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही दो प्रमुख नदी–जोड़ो परियोजनाओं, केन–बेतवा परियोजना और पार्वती–कालीसिंध–चंबल परियोजना की वर्तमान जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री से केन–बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि जल–गंगा अभियान से प्रदेश के कुएं, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर जनजागृति का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश की जनता का इस अभियान के प्रति उत्साह देखकर इस अभियान की समय–सीमा को 30 जून तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदेश में चल रहे सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी।

**स्कूल चले हम अभियान**

प्रदेश में आज स्कूल चले हम अभियान के तहत स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने इसके तहत स्कूली बच्चों से मिलने और उनसे संवाद करने भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय पहुँची। उन्होंने दसवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों की कक्षा पहुँचकर उनसे

बातचीत की। इसी तरह मुरैना जिले में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, चम्बल संभाग आयुक्त संजीव कुमार झा, कलेक्टर अंकित अस्थाना, सहित सभी अधिकारी निर्धारित विद्यालयों में पहुंचे। जिले के सहरैयन का पुरा स्थित विद्यालय में पहुंचे सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि''स्कूल चलें हम'' अभियान एक उत्सव है। नीमच जिले में भी प्रवेशोत्सव के तीसरे दिन कलेक्टर दिनेश जैन ने पीएम.श्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बघाना पहुंचकर छात्राओं को संबोधित किया।

## अमरवाड़ा उपचुनाव

छिंदवाड़ा जिले में अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए धीरन शाह इनवाती ने आज कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उनके साथ उपस्थिति थे। नामांकन रैली को श्री पटवारी ने संबोधित भी किया। अमरवाड़ा में 10 जुलाई को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आज 6 लोगों ने 12 नाम निर्देषन पत्र प्रस्तुत किये है। अब तक कुल 11 लोगों ने 18 नाम निर्देषन पत्र दाखिल किये हैं। कल नामांकन भरने की अंतिम तारीख है।

## टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–आठ के ग्रुप–वन में आज भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होगा। भारत का यह सुपर आठ का पहला मैच होगा। इसके पहले आज ग्रुप–टू के मुकाबले में इंग्लैंड ने मेजबान वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हरा दिया ।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सर्वोच्च न्यायालय ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में कथित नीट–यूजी पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर आज रोक लगा दी। नीट परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी –एन टी ए की स्थानांतरण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने ये रोक लगाई।
- शहडोल जिले में आयुर्वेद चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए आयुष ग्राम की स्थापना की जाएगी। इसके लिए जिले के बंधवाबाड़ा गांव का चयन किया गया है। यहां जल्द ही चिकित्सकीय गतिविधियां शुरु होंगी। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना के अंतर्गत चयनित 51 जिलों में आयुष ग्राम की स्थापना की जा रही है। इसमें शहडोल जिला भी शामिल है।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री कल श्रीनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री ने नईदिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात, नदी जोड़ों परियोजनाओं की दी जानकारी।
- स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रदेश में  विभिन्न कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।

**और**

- अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए अब तक 11 लोंगों ने किये नामांकन दाखिल।

**इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।**

.........................